Title: Need to increase the amount given for the construction of a single residential unit under Indira Awaas Yojana.

श्री रामजी लाल सुमन : अध्यक्ष महोदय, मैं एक अत्यधिक गम्भीर मामला सदन में उठाना चाहता हूं। 1985-86 में गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों के लिए इंदिरा आवास योजना के तहत मकान बनाने की योजना शुरू की गई थी। उस योजना के तहत उस समय छः हजार रुपए की धनराशि स्वीकृत हुई थी। 1991-92 में इस धनराशि को बढ़ाकर 11500 रुपए कर दिया गया। जब 1996 में श्री देवेगोड़ा इस देश के प्रधान मंत्री थे, तो उन्होंने उस धनराशि को बढ़ाकर 20,000 रुपए कर दिया था। 1996-97 से यह धनराशि आज तक इतनी ही है। उस समय से लेकर आज तक मकान बनाने में प्रयोग होने वाली चीजों के दाम बहुत बढ़ गए हैं। 1996 में जहां ईंट का दाम 1200 रुपए प्रति हजार था, अब 1800 रुपए हो गया है। इसी तरह से सीमेंट का दाम जहां उस समय 120 रुपए प्रति बोरा था, अब 150 रुपए हो गया है। इसी तरह से सरिए का भाव जहां उस समय 1400 रुपए प्रति क्विंटल था, अब 1800 रुपए हो गया है। उस समय शासन से निर्धारित मजदूरी 48 रुपए प्रति दिन थी, जो अब बढ़कर 58 रुपए हो गई है। यह बहुत गम्भीर मामला है। मकान बनाने में भी अभ्यर्थी को उसमें एक कमरा, वरांडा और शौचालय बनाना पड़ेगा। आप स्वयं समझ सकते हैं कि इतनी कम धनराशि में यह कैसे सम्भव है। इसके अलावा यह जो 20,000 रुपए की राशि दी जाती है, उसमें भी बीच में कई लोग काफी रुपया कमीृढ़न के रूप में अभ्यर्थी से ले लेते हैं। इसलिए आज के समय में इस धनराशि का कोई अर्थ नहीं है। कुछ लोग तो अपना पैसा लगाकर मकान पूरा करवा लेते हैं, लेकिन बहुत से लोग पूरा मकान नहीं बनवा पाते और उनसे रिकवरी होती है। भारत सरकार को चाहिए कि इंदिरा आवास योजना के नाम पर मकान बनाने के लिए गरीब आदमी को जो 20,000 रुपए की धनराशि दी जाती है, उसको बढ़ाया जाए।

SHRI SOMNATH CHATTERJEE : We are associating with what has been stated by Shri Ramji Lal Suman.

SHRI RAVI PRAKASH VERMA (KHERI): I am also associating with what has been stated by him.

SHRI K.H. MUNIYAPPA (KOLAR): We are also associating with what he has stated.

श्री रामजी लाल सुमन : आज चीजों के दाम बहुत बढ़ गए हैं, इस 20,000 रुपए में कोई मकान नहीं बनवा सकता। मैंने इस सम्बन्ध में ग्रामीण विकास मंत्री जी को भी नोटिस दिया है।

MR. SPEAKER: You can request the Minister to increase this amount.

श्री रामजी लाल सुमन : इस सवाल पर सदन में बहस होनी चाहिए।

अध्यक्ष महोदय : अब आप बैठ जाएं। शून्य काल में इससे ज्यादा चर्चा नहीं हो सकती।

श्री मुलायम सिंह यादव : माननीय सदस्य ने जो मकान बनाने में प्रयोग होने वाली चीजों के दामों के जो आंकड़े दिए हैं, उनको देखते हुए आप सरकार को निर्देशित करें कि यह राशि बढ़ाई जाए। कम से कम 50,000 रुपए की जाए।

श्री रामजी लाल सुमन : इस विाय पर पांच और माननीय सदस्यों ने नोटिस दिया है।

अध्यक्ष महोदय : मैंने उन सभी को एसोसिएट किया है। ऐसा कैसे हो सकता है कि केवल आप ही बोलते रहें। मैं सभी सदस्यों को मौका देना चाहता हूं इसलिए आप बैठ जाएं।